## खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले मे कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17 फरवरी को नाहरपुरा क्षेत्र मे 9 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 3,200/- की राशि वसूली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहेश्वरी डिस्पोजल, अफजल पर 500-500, एटलस इलेक्ट्रॉनिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक, लूनिया स्पोर्टस, ब्रजेश व निखिल 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 24.74 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 17 फरवरी गुरूवार को कुल राशि रूपये 24,74,649/- का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 17 फरवरी गुरूवार को संपतिकर शिविर से 116334, कार्यालय 342688, वसूली दल 449016 कुल 908038, जलकर शिविर 43990, कार्यालय 10430, वसूली दल 69050 कुल 123470, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 3025 व वसूली दल 36253 कुल 65996, लीजरेंट 50545, कम्पाउडिंग 1327818, स्पॉट फाईन 25500 इस तरह कुल राशि रूपये 24,74,649/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

## स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियो को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 1380 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 17 फरवरी तक 1380 मवेशियों को पकड़ा जाकर गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 17 फरवरी को चांदनी चौक व लोकेन्द्र भवन रोड से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा

सिंघम 18/2/22

## खुले में गंदगी करते नौ को पकड़ा, जुर्माना वसूला

रतलाम, नप्र। नगर निगम की जुर्माना वसूलने वाली टीम ने खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले ऐसे नौ लोगों को नाहरपुरा क्षेत्र में पकड़कर तीन हजार से जयदा का जुर्माना वसूला। टीम ने रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल,माहेश्वरी डिस्पोजल तथा अफजल पर पांच-पांच का जुर्माना किया। इसके अलावा एटलस इलेक्ट्रानिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रानिक, ब्रजेश व निखिल पर ढाई-ढाई सौ रुपए का जुर्माना कर कभी गंदगी ना करने की समझाइश दी। उन पर जुर्माना कर तीन हजार दो सौ का जुर्माना वसूला।

## टैक्स से 24.74 लाख की कमाई

रतलाम, नप्र। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत जमा कराये गए करों से नगर निगम को कल 24 लाख 74 हजार 649 के राजस्व की आय हुई। संपत्तिकर शिविर से 1 लाख 16 हजार 334, कार्यालय पर 3 लाख 42 हजार 688, वसूली दल से 4 लाख 49 हजार 16 वहीं जलकर शिविर में 43 हजार 990, कार्यालय में 10 हजार 430, वसूली दल ने 69 हजार 50 की वसूली की। दुकान गुमटी किराया कार्यालय में 65 हजार 996, लीजरेंट में 50 हजार 545, कम्पाउंडिंग में 13 लाख 27 हजार 818 के अलावा स्पॉट फाईल टीम ने 25 हजार 500 की वसूली की।

## खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत नाहरपुरा क्षेत्र में 9 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 3,200 रु. की राशि वसूली।

स्वदेश 19/2/22

# 7 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 71 का आधे दिवस का वेतन काटा

● रतलाम।

**वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रांत: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रात: 7 व दोपहर में 17 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निम्म अग्र्युक्त के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।**

**बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त**

17 फरवरी गुरूवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रात: झोन क्रमांक 2 में जितेन्द्र-छोटेलाल, सुनील-मुन्नालाल, अर्जुन-दीपक, झोन क्रमांक 2 में सुनील-श्यामलाल, झोन क्रमांक 3 में कान्हा-आनन्द, झोन क्रमांक 4 में उशाबाई पति दिनेष, वर्शाबाई पति पर्वत इस तरह 7 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 1 में राधाबाई पति हिम्मत, झोन क्रमांक 2 में हेमलता पति विनोद, प्रषांत-ओसान, राजेश-कांतीलाल, सरस्वती पति धनराज, बंटी-जगदीष, मंजूबाई पति राधाकिशन, महेश-देवकरण, सरवन-प्रकाश, दुर्गाबाई पति संजय, रेखाबाई पति जगदीश, झोन क्रमांक 4 में राधाबाई पति मनोहर, सोनूबाई पति आनन्द, कांतीलाल-छोटू, मायाबाई पति राजेश, भैय्यन-कालू, राहूल-राजेन्द्र इस तरह 17 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

अग्निबाण 18/2/22

# कर्तव्य स्थल पर नहीं मिले 11 सफाई मित्र

रतलाम। वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसमें सुबह में आठ व दोपहर में तीन सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। सुबह जोन क्रमांक-एक में शांतिबाई पत्नी सुरेश, जोन क्रमांक-दो में मंजूबाई पत्नी राधाकिशन, सरवन-प्रकाश, शकुंतलाबाई पत्नी अर्जुन, बबीताबाई पत्नी संतोष, श्यामाबाई पत्नी ओमप्रकाश, जोन क्रमांक-तीन में प्रमोद-जगदीश, जोन क्रमांक-चार में आनंद-भागीरथ इस तरह आठ कर्मचारी बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। दोपहर की उपस्थिति के दौरान जोन क्रमांक-एक में शांतिलाल-बाबूलाल, पप्पू-रमेश, जोन क्रमांक-दो में सोमदीप-सुदेश इस तरह तीन कर्मचारी बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। सभी को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

नईदुनिया 19/2/22

## खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना, 3,200/- की राशि वसूली

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17 फरवरी को नाहरपुरा क्षेत्र में 9 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 3,200/- की राशि वसूली। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रतलाम् किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहश्वरी डिस्पोजल, अफजल पर 500-500, एटलस इलेक्ट्रॉनिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक, लूनिया स्पोर्टस, ब्रजेश व निखिल 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। अग्निबाण 18

अग्निबाण 18/2/22

**खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना, 3,200/- की राशि वसूलीः रतलाम।** नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17 फरवरी को नाहरपुरा क्षेत्र मे 9 व्यक्तियो पर जुर्माना कर 3,200/- की राशि वसूली। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहश्वरी डिस्पोजल, अफजल पर 500-500 जुर्माना किया गया। राज

राज एक्सप्रेस 19/2/22

## गंदगी फैलाने वाले पांच लोगों पर जुर्माना

रतलाम। गंदगी करने पर रोहित राठौर बाजना बस स्टैंड से 500 रुपये, कन्हैया, अजय प्रजापत, ईश्वर, ब्रजेश राम मंदिर से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य मे गंदगी नही करने की समझाइश दी। नई.

नईदुनिया 19/2/22

# आजाद चौक में पेड पार्किंग व सुविधाघर में तकनीकी पेच

## असुविधा : पानी की निकासी के इंतजाम नहीं, निगम स्लैब डालकर करेगा निर्माण



चांदनीचौक स्थित आजाद चौक, जहां सुविधाघर, पार्किंग के इंतजाम किए जाएंगे। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के प्रमुख 15 बाजारों में प्रतिदिन खरीदारी के लिए 30 हजार से अधिक लोग आते हैं, लेकिन सुविधाघर की सुविधा नहीं होने से परेशानी होना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। हालात यह है कि बाजार क्षेत्र में निगम का एकमात्र सुविधाघर भुट्टा बाजार में है।

11 फरवरी को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसपी अभिषेक तिवारी के साथ दौरा कर चांदनीचौक स्थित आजाद चौक में पेड पार्किंग व सुविधाघर बनाने के निर्देश दिए थे। अब इसमें तकनीकी पेच आ रहा है। इसके चलते निर्माण में देरी हो सकती है।

स्वच्छ सर्वे 2022 की तैयारियों में नगर निगम ने इस बार भी शौचालय पर ध्यान दे रहा है। बाजारों की छोटी-मोटी गलियों में शौचालय बने तो हैं, लेकिन मुख्य बाजार में तो यह भी नहीं है। वर्तमान में शहर में 16 सुलभ काम्प्लेक्स बाहरी क्षेत्रों में है। चांदनीचौक क्षेत्र सराफा की करीब 450 छोटी बड़ी दुकानें है। ऐसे में इस क्षेत्र में सुविधाघर की मांग सबसे ज्यादा है। बाजार में नगर निगम या राजस्व विभाग की कोई जमीन भी नहीं है। आजाद चौक में पार्किंग, सुविधाघर के लिए पांच सालों से योजना बनाई जा रही है। कभी स्थल के उपयोग तो कभी स्वामित्व को लेकर बात बनती-बिगड़ती रही। तलघर में सुविधाघर बनाने से पानी की निकासी नहीं हो पाएगी, इसके चलते निगम अब ऊपरी हिस्से में स्लैब डालकर निर्माण की योजना बना रहा है।

### खुले में यूरिन व शौच पर दरोगा दंडित होंगे

शुक्रवार को समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में अस्थायी यूरिनल लगाये जाएं। शहर में किसी व्यक्ति के यदि खुले में यूरिन व शौच करते पाए जाने पर संबंधित जोन प्रभारी व दरोगा पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। शहर के सभी घरों, दुकानों से सेग्रीगेटेड कचरा संग्रहण किया जाए। किसी भी वार्ड में कचरा स्थल है तो उसे पूरी तरह से समाप्त कर दें।

### इन बाजारों में परेशानी

चांदनीचौक, खेरादीवास, दौलतगंज, बजाजखाना, माणकचौक, नौलाईपुरा, धनजीबाई का नोहरा, घास बाजार, पोरवाड़ों का वास, चौमुखीपुल, कसारा बाजार, धानमंडी आदि।

### वार्डवार कर्मचारियों की उपस्थिति जांचें

निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षक प्रात: व दोपहर उपस्थित अनिवार्य रूप से चेक करें। यदि कोई कर्मचारी प्रात: उपस्थित रहता रहकर दोपहर में बिना सूचना के अनुपस्थित रहता है तो ऐसे कर्मचारियों की पूरे दिन की अनुपस्थिति दर्ज की जाए। सार्वजनिक व सुलभ शौचालय, मूत्रालय की दोनो समय सफाई के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए।

"आजाद चौक में पेड पार्किंग व सुविधाघर का निर्माण किया जाना है। पानी की निकासी सहित अन्य सभी तकनीकी पहलू देख नक्शा बनाएंगे। - सुरेशचंद्र व्यास, कार्यपालन यंत्री नगर निगम

नईदुनिया 19/2/22

# महावीर किराना से अमानक स्तर की 28 किलो पॉलीथीन जब्त, किया जुर्माना



**75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित**

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत महावीर किराना त्रिपोलिया गेट से तय मानक के विपरित 28 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 3000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया।

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

सिंघम - 18/2/22

# महावीर किराना से अमानक स्तर की 28 किलो पॉलीथीन जब्त, जुर्माना



रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत महावीर किराना त्रिपोलिया गेट से तय मानक के विपरित 28 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 3000 की राषि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

अग्निबाण 18/2/22

# 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। 17 फरवरी को नाहरपुरा क्षेत्र में 9 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 3,200/- की राशि वसूली। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहेश्वरी डिस्पोजल, अफजल पर 500-500, एटलस इलेक्ट्रॉनिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक, लूनिया स्पोर्टस, ब्रजेश व निखिल 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन किया।

नवभारत 19/2/22

# अमानक स्तर की 28 किलो पॉलीथीन जब्त

रतलाम। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत महावीर किराना त्रिपोलिया गेट से तय मानक के विपरित 28 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 3000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। नवभारत

नवभारत 19/2/22

# आठ किलो अमानक पालिथीन जब्त

रतलाम। नगर निगम द्वारा अमानक पालिथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जैन पैकेजिंग मटेरियल कल्याण नगर से तय मानक के विपरीत आठ किलो पालिथीन जब्त की गई। संबंधित से दो हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। व.

वह्निमीषा 19/2/22

## श्वान का रजिस्ट्रेशन जरूरी

रतलाम, नप्र। रतलाम में रह रहें ऐसे नागरिक जो कि घरों में श्वान पालते
है उन्हें श्वान का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। श्वान पालनने वाले नगर निगम
स्वास्थ्य विभाग की लायसेंस शाखा में अपने श्वान का रजिस्ट्रेशन करवाना
दंडात्मक कार्रवाई से बचें। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र
में श्वान पालक अपने श्वान का गले में पट्टा डाले बिना अथवा अन्य चिन्हों के
बिना आवारा श्वान की भाति छोड़ दिया जाता है जिससे नागरिकों में डर बना
रहता है। अधिकतम् 2 श्वान पालने की अनुमति दी जाएगी। प्र.कि. 18

प्रभात किरण 18/2/22

## पालतू जानवर का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**रतलाम |** घर में कुत्ते या अन्य पालतू जानवर पालने वालों को अनिवार्य रूप से नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की लाइसेंस शाखा में रजिस्ट्रेशन करवाना है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार श्वान और उनके मालिकों के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य किया है। सूचना पत्र जारी कर रहे हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 19/2/22

## मवेशी पकड़े गोशाला भेजे

रतलाम, नप्र। सार्वजनिक जगहों, सड़कों और चौराहों पर खुले में विचरण करने वाले मवेशियों को नगर निगम पकड़कर गौशाला भिजवा रहा है। नगर निगम से मिली जनाकारी के मुताबिक पशु पकड़ने वाले अमले ने अब तक 1 हजार तीन सौ अस्सी मवेशी को पकड़ा है।

प्रभात किरण 18/2/22

ऑनलाइन आवेदन करने पर होगा चयन

# स्कूलों में होगी स्वच्छता प्रतियोगिता

रतलाम. अब परिषदीय विद्यालयों में भी स्वच्छता के मानकों को परखा जाएगा। शिक्षा विभाग ने इसके लिए ना केवल कार्ययोजना तैयार कर ली है बल्कि इसे अमलीजामा पहनाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय की सुविधाओं को परखा जाएगा। केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने कई सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि स्वच्छता के प्रति आपकी प्रतिबद्धता आपको स्वच्छता स्टार बना सकती है। छात्रों को स्वच्छ शिक्षा का माहौल प्रदान करने वाले स्कूल स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के विजेता बन सकते हैं। इसमें सभी वर्ग के स्कूल भाग ले सकते हैं।

स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार की स्थापना केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्कूलों में स्वच्छता और स्वच्छता अभ्यास में उत्कृष्टता को पहचानने, प्रेरित करने और मनाने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य उन स्कूलों को सम्मानित करना है जिन्होंने स्वच्छ विद्यालय अभियान के जनादेश को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इच्छुक स्कूल मार्च 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

## ऑनलाइन आवेदन करने की तिथियां

- स्कूलों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करना - जनवरी से मार्च तक
- जिला स्तर पर पुरस्कारों के लिए स्कूलों का चयन- 1 अप्रैल से 15 मई तक
- राज्य स्तर के पुरस्कारों के लिए परिणाम प्रस्तुत करना - 22 मई तक
- राज्य स्तर के पुरस्कारों के लिए स्कूलों का चयन- 22 मई से 30 जून तक
- राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए परिणाम प्रस्तुत करना - 1 जुलाई से 7 जुलाई
- राष्ट्रीय स्तर पर सत्यापन - 7 जुलाई से 7 सितंबर
- राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार समारोह की तारीख -15 अक्टूबर

देशभर में स्वच्छता को महत्व दिया जा रहा है। शहर के मोहल्लों, होटलों आदि में प्रतियोगिता हो रही है। ऐसे में अब स्कूलों के बीच भी स्वच्छता के प्रति जागरुकता के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

**- केसी शर्मा**, जिला शिक्षा अधिकारी

पत्रिका

पत्रिका 19/2/22



# महावीर किराना से अमानक स्तर की 28 किलो पॉलीथिन जब्त की गई, जुर्माना भी वसूला

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।अभियान के तहत महावीर किराना त्रिपोलिया गेट से तय मानक के विपरित 28 किलो पॉलीथीन को जब्त कर संबंधित पर 3000 की राशि का जुर्माना स्पॉट फाईन दल द्वारा किया गया। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। २१५

राज एक्सप्रेस 19/२/२२



# प्लास्टिक थैलियां जब्त

रतलाम, नप्र। रतलाम शहर में फिर से प्लास्टिक की थैलियों की धरपकड़ शुरू हो गई है। प्रशासन ने दुकानदारों के साथ ही नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद करें। इसके बजाय कपड़े एवं कागज की थैलियों का उपयोग किया जाए। इससे नगर तो साफ और सुंदर बनेगा साथ ही पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में पॉलिथीन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसी के चलते नगर निगम की टीम ने कल त्रिपोलिया गेट से महावीर किराना की दुकान से 28 किलो पॉलिथीन को जब्त किया जो तय मानक के विपरीत थी। नगर निगम की जुर्माना वसूलने टीम ने दुकानदार पर तीन हजार का जुर्माना भी किया। नगर निगम ने अनुरोध किया है कि शहर के प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भंडारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें और नहीं भण्डारण कर बेचने और ना ही उपयोग करें।

प्र.आ. 18

प्रभात किरण 18/२/२२

# 21 करोड़ की परियोजना से होगा तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास

रतलाम। रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक ने की। कलेक्ट्रेट कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।

## ▸ अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की



झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी। कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगें। कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया।

अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा।

वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा।

बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

नवभारत

नवभारत 13/2/22

**बदलाव** • 60 प्रतिशत राशि केंद्र, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम देगा

# अमृत सागर तालाब परियोजना की समीक्षा की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## बैठक में विधायक काश्यप ने कहा : अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितिकरण की कार्रवाई तेजी से ह

प्राचीन अमृत सागर तालाब सौंदर्यीकरण, संरक्षण, प्रबंधन एवं विकास परियोजना की विधायक चेतन्य काश्यप ने समीक्षा की। कलेक्टर कक्ष में विधायक काश्यप ने नगर निगम के इंजीनियरों से डीपीआर की जानकारी ली। इसके बाद योजना में जरूरी बदलाव करवाए। साथ ही टेंडर समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम मौजूद रहे। इंजीनियर अनवर कुरैशी और राजेश पाटीदार ने बताया झील संरक्षण योजना में अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण और विकास किया जाना है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम देगा।

विधायक काश्यप ने बैठक में कलेक्टर व निगम अधिकारियों को अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितिकरण की कार्रवाई तेजी से करने को कहा। प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही मूलभूत सुविधाएं देने के लिए सर्वे और एस्टीमेट पहले से ही तैयार कर लिए जाएं, ताकि कॉलोनियों वैध घोषित होते ही विकास कार्य शुरू किए जा सके।



अमृत सागर तालाब योजना की डीपीआर देख इंजीनियरों को निर्देश देते विधायक।

### गाद निकालने पर खच
### होंगे 3.47 करोड़

तालाब की गाद निकालना बा
काम है। 3.47 करोड़ रुपए ख
होंगे। हार्वेस्टर मशीन से जल
हटाई जा रही है। 2.5 करोड़
नालों पर वेटलैंड, 1.97 करो
से बाउंड्रीवॉल, 50 लाख रुप
से सैनिटेशन, नाला परिवर्तन,
उपकरण खरीदी तथा अन्य क
होंगे। इसके अलावा सॉलिड वे
मैनेजमेंट पर 50 लाख, पिचिं
वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च हो
इसमें पत्थरों का उपयोग करके
स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा।

दै. भास्कर 13/2/22

# 21 करोड़ से होगा अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण

## विधायक काश्यप ने की परियोजना की समीक्षा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई। झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी।



### टेंडर समय सीमा में किए जाने के निर्देश

विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब से गाद भी निकाली जाएगी। कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बडी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया।

### मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे

अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा। बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

राज एक्सप्रेस १०/२/२२

# 21 करोड़ की परियोजना में होगा तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास

## विधायक श्री काश्यप ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

रतलाम।

**रतलाम नगर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा की गई। कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।**



झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से क्रय की जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी। कार्ययोजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी जिस पर एक करोड़ 97 लाख रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

कलेक्टर द्वारा कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विधायक श्री काश्यप ने कार्ययोजना में जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया।

अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगी, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बॉस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा।

बैठक में विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण तथा वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 19/2/22

**सुविधा** • लोगों को मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे, ऑनलाइन ही प्रक्रिया हो जाएगी पूरी

# हाउसिंग बोर्ड की प्रॉपर्टी का अब ऑनलाइन नामांतरण करा सकेंगे, नई गाइडलाइन के साथ व्यवस्था होगी लागू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की हाउसिंग बोर्ड की प्रॉपर्टियों का अब ऑनलाइन नामांतरण होगा। लोग इसलिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद ऑनलाइन नामांतरण हो जाएगा। इससे लोगों को विभाग के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। यह व्यवस्था प्रौपर्टी की नई गाइडलाइन यानी 1 अप्रैल से लागू होगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

अभी हाउसिंग बोर्ड की प्रौपर्टी खरीदने के बाद नामांतरण कराना है तो नामांतरण के लिए विभाग पहुंचना पड़ता है। यहां फॉर्म भरना होता है। आवासीय संपत्ति पर 1.5 फीसदी और कमर्शियल संपत्ति पर 3 फीसदी शुल्क चुकाना होता है। साथ रजिस्ट्री की कॉपी सहित अन्य डॉक्यूमेंट लगाने के बाद विभाग में आवेदन जमा करना पड़ता है। इसके बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो पाती है। कई बार डॉक्यूमेंट कम होने पर दोबारा जमा प्रक्रिया पूरी करना पड़ती है। इससे कई बार इसमें लंबा समय लग जाता है। अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। ऐसे में बोर्ड की प्रौपर्टी खरीदारों को फायदा होगा और आसानी से नामांतरण हो सकेगा।

## नई व्यवस्था से इन कॉलोनियों के लोगों को होगा फायदा

बोर्ड की शहर में कई कॉलोनियां हैं। इसमें सूरजमल जैन नगर, गंगासागर कॉलोनी, रत्नपुरी, जवाहरनगर, अलकापुरी, दीनदयालनगर सहित अन्य कॉलोनियां हैं। यहां प्रॉपर्टी की खरीदी पर अभी ऑफलाइन आवेदन होता है। अब ऑनलाइन आवेदन होगा। इससे लोगों को फायदा होगा। ऑनलाइन नामांतरण होने से सुविधा बढ़ेगी। वहीं, विभाग की जो नई कॉलोनियां प्रस्तावित हैं। उन्हें इससे फायदा होगा।

**लीज पर मिलती है प्रॉपर्टी, इसलिए नामांतरण कराना जरूरी-** बोर्ड द्वारा जो प्रॉपर्टी बेची जाती है वो लीज पर बेची जाती है। ऐसे में इसका नामांतरण कराना जरूरी होता है। वहीं, जब हितग्राही नगर निगम में नामांतरण कराता है तो लीज रिन्यू की बारी आती है तो दिक्कत आती है। इससे यह परेशानी दूर हो जाएगी।

## सम्पत्ति शुल्क जमा करन की आखिरी तारीख बढ़ा

कोरोना एवं लॉकडाउन देख हुए हाउसिंग बोर्ड ने सम्प शुल्क जमा करने की आखि तारीख बढ़ाकर 31 मार्च दी है। आखिरी तारीख लाभ केवल ऐसे उपभोक्ता को मिल सकेगा जिनकी सम्प का अपसेट मूल्य 50 लाख रु से अधिक न हो और जिन सम्पत्ति की ऑफर स्वीकृति मई 2020 के पश्चात जारी गई हो।

दै. भास्कर 19/2/22

विधायक ने अमृत सागर परियोजना की समीक्षा की

# 21 करोड़ से सुधरेगी अमृत सागर तालाब की दशा

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास परियोजना की लागत 21 करोड़ रुपए आएगी। यह जानकारी शहर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा योजना की समीक्षा पर दी गई है। समीक्षा के दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के इंजीनियर द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।

झील संरक्षण योजना के तहत शहर के अमृत सागर के सौंदर्यीकरण तथा विकास का कार्य किया जाएगा। जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक काश्यप ने कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। झील संरक्षण योजना के तहत अमृत सागर की सफाई के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की हार्वेस्टर मशीन पूर्व से खरीदी जा चुकी है जो तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य कर रही है। सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी।



## 2.50 करोड़ वेटलैंड निर्माण पर

योजना अंतर्गत ढाई करोड रुपए वेटलैंड निर्माण पर खर्च किए जाएंगे, बाउंड्रीवाल बनेगी। जिस पर 1.97 करोड़ रुपया वहन किया जाएगा। गाद निकासी पर बड़ी रकम खर्च होगी। इसके लिए 347 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सैनिटेशन पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नाला परिवर्तन, उपकरण खरीदी तथा अन्य कार्य भी किए जाएंगे। अमृत सागर पर पेरीफेरल रोड बनेंगे, "वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैम्प पोस्ट, सीटिंग बेंच, शॉप्स, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी 50 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत कचरा कलेक्शन बीँस रखे जाएंगे। बेसिक टूल्स रहेंगे। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। अमृत सागर की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर 197 लॉख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अमृत सागर के पिचिंग वर्क पर 1 करो? रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसमें पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वॉच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा। पत्रिका

पत्रिका 13/2/22

# साफ होने लगा अमृत सागर, 1.97 करोड़ रुपये से बनेगी बाउंड्रीवाल

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण, संरक्षण प्रबंधन एवं विकास के लिए 21 करोड़ रुपये लागत की परियोजना में तालाब की सफाई होने लगी है। 3 करोड़ 86 लाख रुपये की एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से तालाब के आधे से ज्यादा हिस्से में जलकुंभी साफ हो गई है। सतह की सफाई के अलावा तालाब के भीतर की गाद भी निकाली जाएगी।

शुक्रवार को योजना क्रियान्वयन की समीक्षा विधायक चेतन्य काश्यप ने की। इस दौरान कलेक्टोरेट कक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। नगर निगम के यंत्रीओं द्वारा अमृत सागर योजना डीपीआर की जानकारी दी गई।



दिसंबर 2021 अंत में एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से सफाई की शुरुआत की गई थी। अब आधे से ज्यादा हिस्से में जलकुंभी साफ हो गई है। • नईदुनिया

## वैटलैंड पर 2.5 करोड़ रुपये का खर्च

कार्ययोजना में प्रमुख कामों पर खर्च (रुपये में)

| | | | |
|---|---|---|---|
| वेटलेंड निर्माण | 2.5 करोड़ | सैनिटेशन | 50 लाख |
| बाउंड्रीवाल | 1.97 करोड़ | सालिड वेस्ट मैनेजमेंट | 50 लाख |
| गाद निकासी | 3.47 करोड़ | पिचिंग वर्क | 01 करोड़ |

मालूम हो कि झील संरक्षण योजना के तहत 60 प्रतिशत राशि केंद्र शासन द्वारा, 30 प्रतिशत राज्य शासन और 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा दी जाएगी। विधायक काश्यप ने कार्ययोजना पर निर्देशित किया कि टेंडर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने जरूरी संशोधन करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में विधायक ने शहर की अनाधिकृत कालोनियों के नियमितीकरण की दिशा में शीघ्र कार्य करने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

### सुंदरीकरण में यह काम होंगे

पेरीफेरल रोड, वाक-वे बनाए जाएंगे, पार्किंग एरिया, लैंप पोस्ट, सीटिंग बेंच, शाप, बोटिंग आदि कार्य गतिविधियां भी होंगी। कचरे का कलेक्शन और उसको निष्पादित किया जाएगा। वेस्ट वाटर सिस्टम भी रहेगा। पिचिंग में पत्थरों का उपयोग करके स्लोप प्रोटेक्शन किया जाएगा। पब्लिक अवेयरनेस एक्टिविटी, वाच टावर निर्माण, प्रशासकीय कार्यालय भी बनेगा।

नई.

# कस्तूरबानगर से कब्जा हटाया



रतलाम, नप्र। साठ फीट की सड़क कब्जे से 22 फीट के करीब हो गई थी। सड़क को फिर से अपने मूल स्वरूप में लौटाने के लिए नगर निगम ने बुलडोजर चलवाकर कब्जे हटाए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमन्त चौहान के निर्देशन में नगर निगम की कब्जा हटाओ टीम ने जेसीबी, डम्पर, ट्रेक्टर और गैंग के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क के दोनों ओर से कब्जे को हटाया। पन्द्रह दिन पहले यहां चूने की लाइन डालकर रहवासियों को अपने कब्जे हटाने के लिए चेताया था, जिस पर अस्सी प्रतिशत लोगों ने अपने कब्जे खुद हटा लिए थे लेकिन फिर भी कुछ कब्जे बचे थे जिन्हें निगम की टीम ने हटाया। प्र.कि.18

प्रभातकिरण 18/2/22

## गुलाब चक्कर में होगा लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

रतलाम। इंदौर में 550 मीट्रिक टन क्षमता के गोबर-धन (बायो सीएनजी) प्लांट का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को इंदौर से दोपहर एक बजे करेंगे।

गीले कचरे का प्रसंस्करण कर सीएनजी बनाने वाले एशिया के सबसे बड़े प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गुलाब चक्कर में एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। गुलाब चक्कर में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, सफाई मित्र आदि का सम्मान किया जाएगा। नई.

नईदुनिया 19/2/22

**एक और प्रयास** • एसपी बदलते हैं... नया ट्रैफिक प्लान भी आता है... लेकिन पालन नहीं, अब फिर ट्रैफिक सिग्नल मेंटेनेंस की तैयारी

## रतलाम में ट्रैफिक सिस्टम तो है लेकिन बिगड़ा हुआ

# चार लाख आबादी, डेढ़ लाख वाहन, सिग्नल एक भी चालू नहीं, कैमरे तो हैं लेकिन ई-चालान बंद


**हादसे के बाद किए थे बंद :** दो बत्ती के पांच रास्तों पर 6-6 मीटर के पोल पर लगे सिग्नल बंद पडे हैं

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम शहर का ट्रैफिक सिस्टम अनोखा है। जी हां, यूं तो शहर की आबादी 4 लाख है लेकिन यहां एक भी चौराहे पर आपको ट्रैफिक सिग्नल नहीं मिलेगा। इसका सीधा असर प्रमुख क्षेत्रों में हो रहा है, ट्रैफिक लोड बढ़ने से बार-बार लोग जाम से परेशान हैं। सीसीटीवी कैमरे दिखेंगे... लेकिन ई-चालान का सिस्टम नहीं है। कुछ दिन पहले शहर में पार्किंग लाइन डाली है लेकिन वाहनों के कारण यह लाइन ढूंढना मुश्किल है।

मुद्दा इसलिए अहम है... क्योंकि अब जिले के कप्तान बदले हैं। ऐसे में नए सिरे से प्लान तैयार होना तय है। पिछला प्लान 20 नवंबर को बना था। तय हुआ कि शहर को हॉकर्स फ्री जोन बनाया जाएगा, पार्किंग लाइन में वाहन खड़े करने होंगे और ट्रैफिक लाइटों को सुधरवाया जाएगा। इनमें से एक भी काम अब तक नहीं हुआ है। ट्रैफिक सिग्नल सुधारने की फाइल दोबारा अटक गई है। शहर में नगर निगम ने 24 नवंबर तक पार्किंग लाइन डाली थी, एक सप्ताह कार्रवाई चली, अब फिर अमला पुराने ढर्रे पर आ गया है। नतीजा यह है कि शहर के नौलाईपुरा, चांदनीचौक, घास बाजार, सैलाना बस स्टैंड, राम मंदिर, शहर सराय, नाहरपुरा, माणकचौक, धानमंडी सहित अन्य प्रमुख इलाकों में बार-बार जाम की नौबत बन रही है।



दो बत्ती पर लगे ट्रैफिक सिग्नल।

### 6 चौराहों पर थे ट्रैफिक सिग्नल, अब दो पर निशानियां

- कुछ साल पहले तक शहर के 6 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे थे। इनमें दो बत्ती, सैलाना बस स्टैंड, कॉलेज रोड चौराहा, गणेश देवरी, नाहरपुरा चौराहा और लोकेंद्र टॉकीज है।
- 3 साल पहले तक आखिरी सिग्नल दो बत्ती क्षेत्र में चालू था। यह सिग्नल 16 लाख 80 हजार रुपए की लागत से लगाया था। इसका टेंडर 22 मार्च 2016 को हुआ था।
- इंदौर की तर्ज पर यह ट्रैफिक सिग्नल चलाया जाना था, लेकिन कोशिश नाकाम रही।
- अभी भी दो बत्ती के पांच रास्तों पर 6-6 मीटर के पोल लगे हैं, इनमें सिग्नल के तीन-तीन सेट देख सकते हैं।
- सैलाना बस स्टैंड पर तो सिर्फ पोल ही बचे हैं।

### 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे, ई-चालान शुरू नहीं

शहर में 2018 में सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहनों के नंबर के आधार पर वाहन मालिक के घर ई-चालान भेजने की शुरुआत की थी। तीन सवारी, फैंसी नंबर प्लेट, तेज रफ्तार, नाबालिग चालक के चालान कटने थे। लेकिन, शुरुआत में ही एक महीने में सिर्फ 3 चालान भेजे गए। अब व्यवस्था बंद है।

### एसपी बदले... लेकिन हालात नहीं...

1. अमित सिंह (एसपी - दिसंबर-2016 से जुलाई 2018)



- चालानी कार्रवाई पर विशेष फोकस रहा।
- 210 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त किए। शराब पीकर वाहन चालने वालों की धरपकड़ की।
- बाजार में वन-वे सिस्टम का प्लान बनाया था। लागू किया, लेकिन सफल नहीं हो सका।
- भारी वाहनों के प्रवेश पर प्लान बना था, लेकिन कुछ दिन बाद भूल गए।

2. गौरव तिवारी (एसपी- जुलाई 2018 से जनवरी 2022)



- ब्लैक स्पॉट पर विशेष फोकस था।
- अलग-अलग ब्लैक स्पॉट पर पैदल घूमे, सुधार करवाए।
- पीडब्ल्यूडी ने चेतक ब्रिज पर डिवाइडर बनवाया, सबसे सफल रहा।
- शहर का ट्रैफिक सुधारने में सफल नहीं हो सके।
- हॉकर्स फ्री जोन, पार्किंग लाइन, वन-वे, भारी वाहन प्रवेश को लेकर नियम बनाए, लेकिन लागू एक भी नहीं।

### सीधी बात

अभिषेक तिवारी, एसपी, रतलाम

**सिग्नल का मेंटेनेंस करवा रहे हैं, निगम के माध्यम से जल्द मेंटेनेंस हो जाएगा**



- **शहर का ट्रैफिक उलझन भरा है। सिग्नल सभी बंद हैं।**

- जी हां, हमारी टीम से बात हुई है। सिग्नल का मेंटेनेंस करवा रहे हैं। निगम के माध्यम से जल्द मेंटेनेंस हो जाएगा।

- **ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए क्या करेंगे?**

- हम कुछ प्वाइंट पर काम कर रहे हैं। पहले शहर में घूमकर आकलन करेंगे। कुछ प्वाइंट पर मैं खुद जा रहा हूं।

- **पहले भी प्लान बने लेकिन सफल नहीं हो सके?**

- पुरानी व्यवस्था की जानकारी मुझे नहीं है। उसका आकलन करवाया जाएगा। उसके अनुसार जो व्यवस्था जमी है, सुचारू रूप से उसका पालन करवाएंगे।



# स्वच्छता चैम्पियनों का हुआ सम्मान

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत शहर के करीब 10 स्वच्छता चैंपियंस को सम्मानित किया गया। इनमें रेखाबाई ओमप्रकाश, रामकन्या बाई , अनिताबाई कैलाश, शांतिबाई चौहान, ममता तंवर, नयन शिंदे, संदीप चौहान, कमल कुमार पेंटर, मंथन मुस्ले , सचिन चोपड़ा को स्वच्छता के कार्य मे उत्तम प्रदर्शन करने एवं एवं अपने कार्यों के द्वारा पूरे शहर को जागरूक करने हेतु सम्मानित किया गया एवं इन्हें स्वच्छ चैंपियन कहा गया।


सिंघम 18/2/22

# कलेक्टर के दिए निर्देशों की हुई समीक्षा

रतलाम @ पत्रिका. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त हो इसके लिए कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरूशोत्तम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की 8 फरवरी को ली गई बैठक में दिए गए निर्देश की समीक्षा आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुक्रवार शाम को की। इस दौरान चेतावनी दी कि जो कार्य अब तक शुरू नहीं हुए है, उनको शुरू किया जाए।

निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां शौचालय की जरुरत है वहां पर अस्थायी शौचालय लगाये जाए। शहर में यदि खुले में गंदगी करते कोई पाया गया तो झोन प्रभारी व दरोगा पर दण्डात्मक कार्यवाही होगी। शहर के किसी भी वार्ड में कचरा स्थल है तो उसको समाप्त किया जाए अन्यथा कार्रवाई होगी। उपयत्रियों को कहा किवार्डों में सौन्दर्यीकरण के स्थल की सूची तैयार की जाए। आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एसपी आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रिका 19/2/22



# ईश्वर नगर रोड पर नाली जाम, सड़क किनारे गंद

## लोगों की परेशानी- शिकायत के बाद भी नगर निगम के कानों में जूं तक नहीं रेंगी

रतलाम, नप्र। सफाई में तमगा दिलाने के लिए नगर निगम कोशिश तो तई कर रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर काम नहीं होने से शहर में जिधर देखो उधर गंदगी पसरी पड़ी रहती है। ईश्वरनगर-धीरजशाह नगर की मुख्य सड़क से गुजरे तो वहां के हाल देखकर सोचने विचारने पर मजबूर हो गए कि अगर रतलाम की सड़कों के ऐसे हाल रहे तो फिर रतलाम नगर निगम सफाई में तमगा कैसे हासिल करेगा...?

माना कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए रतलाम नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर जब शहर की सड़कों को देखा जाए तो लगता ही नहीं कि रतलाम में नगर निगम का स्वच्छता के लिए कोई अभियान भी चल रहा है। रतलाम नगर निगम का एक वार्ड है 19। हम इस वार्ड के पूरे इलाके की बात नही करते हुए केवल ईश्वरनगर जाने वाली खास सड़क की बात करते है। बुद्धेश्वररोड से ईश्वरनगर जाने वाली सड़क की हालात काफी खराब थी, हालांकि कुछ दिनों पहले ही यहा सीमेंट की सड़क बन चुकी है जिससे लोगों को खराब



सड़क की समस्या से छुटकारा मिल गया लेकिन गंदगी की समस्या से भी आज भी लोग परेशान हो रहे है। क्षेत्र के किशोर गेहलोत, साबीर भाई ने बताया कि इस गरीब इलाके की सफाई पर नगर निगम कोई ध्यान ही नहीं देता है जिससे गंदगी इस कदर पसरी रहती है कि आम नागरिक परेशान है। सड़क किनारे दो घड़ी चैन से खड़ा नहीं रहा जा सकता है।

सड़क के पास ही गोपाल गौशाला कॉलोनी, धीरजश
सैनिक कॉलोनी के रहवासी रहते है वही धार्मिक
धर्मशाला भी है बावजूद इसके ना तो नालियों की
होती है और नहीं गंदगी के कचरे उठाए ज
आनंदीलाल, मोहन, हेमंत और राजकुमार ने बत
शिकायतों का भी असर नहीं होता है। नगर निगम में
शिकायतें कर चुके है लेकिन ना तो अधिकारी ध्यान
और नही सफाई का काम देखने वाले जिम्मेदार। ब
कि पहले भी सफाई देखने के लिए बाहर से टीम आ
थी तब यहां ताबड़तोड़ शौचालय बना दिया..पानी व
रख दी गई लेकिन फिर उसे लावारिस छोड़ दिया। ना
में कभी पानी भरा जाता है और नही शौचालय की
आसपास ही इतना कचरा पसरा रहता है कि कोई से
भी लघुशंका के लिए नहीं जाता। गाद से भरी नालि
कचरे के ढेर से ना केवल इलाका गंदा हो रहा है
मच्छरों का साम्राज्य भी बढ़ता जा रहा है। रहवा
स्वच्छता अभियान में इस क्षेत्र की सफाई की मांग व

प्रभात किरण 18/12/22

# सड़क पर आ रहा नाले का पानी



पत्रिका

रतलाम. शहर के मोमिनपुरा क्षेत्र में नाले का पानी रोड पर आने से रहवासियं की परेशानी बढ़ती जा रही है। यहां पर नाले की सफाई करने के लिए एव ही कर्मचारी है, जब वो सफाई करता है तो नाले की आसपास के मकान के साथ - साथ दुकान के बाहर जमा हो जाती है। मोमिन पूरा क्षेत्र के रहवासी हर दो तीन दिन में नाले के पानी से परेशान होते हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा सूचना देने के बाद भी प्रतिदिन सफाई इस क्षेत्र में नहीं हो रही है। इससे रहवासी न सिर्फ परेशान है, बल्कि अब गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा मोमिनपुरा में जिस क्षेत्र में इस प्रकार की समस्या है, वहां विशेष दल भेजकर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस बात की जांच की जाएगी की बार - बार पानी एकत्रित क्यों हो रहा है।

पत्रिका १७/२/२२